# पाठ - 14

# उत्तर अमेरिका का आर्थिक स्वरूप

**आइए जानें–**

- आर्थिक स्वरूप से क्या तात्पर्य है?
- प्राकृतिक संसाधन किसे कहते हैं?
- उत्तर अमेरिका में कृषि का स्वरूप क्या है?
- उत्तर अमेरिका में खनिज और ऊर्जा संसाधनों का उद्योगों में क्या योगदान है।
- उत्तर अमेरिका में वन तथा पशुओं पर आधारित उद्योग कौन-कौन से हैं?
- उत्तर अमेरिका में परिवहन के साधनों का विकास किस प्रकार हुआ है?
- उत्तर अमेरिका में जनसंख्या का स्वरूप कैसा है।

वर्तमान समय में उत्तर अमेरिका संसार का सबसे अधिक सम्पन्न महाद्वीप है। समुन्नत महाद्वीप होने के कारण संसार के अधिकांश देशों से इसके आर्थिक सम्बन्ध भी हैं। इसकी आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ है। औद्योगिक दृष्टि से भी यह अधिक उन्नत महाद्वीप है। उत्तर अमेरिका के विकास में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का रहा है।

**प्राकृतिक संसाधन**

**प्रकृति द्वारा निः शुल्क प्रदान की गई समस्त वस्तुएँ प्राकृतिक सम्पदा हैं। किंतु जब मनुष्य उन्हें अपने बुद्धि, कौशल युक्त परिश्रम से उपयोगी बना लेता है, तब वे प्राकृतिक संसाधन कही जाती हैं।**

**आर्थिक स्वरूप**

**जो वस्तुएँ अपने मूल रूप अथवा परिवर्तित रूप में आर्थिक लाभ प्रदान करती है वह उनका आर्थिक स्वरूप कहलाता है। इनका सम्मिलित आकलन क्षेत्र विशेष का आर्थिक स्वरूप होता है।**

भरपूर प्राकृतिक संसाधनों एवं उच्च तकनीकी ज्ञान के आधार पर वर्तमान समय में उत्तर अमेरिका सर्वाधिक सम्पन्न और सशक्त महाद्वीप माना जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा उत्तर अमेरिका के महत्वपूर्ण देश हैं।

उत्तर अमेरिका के महत्वपूर्ण संसाधन निम्नलिखित हैं :–

(1) कृषि संसाधन (2) वन संसाधन

(3) खनिज एवं ऊर्जा संसाधन (4) मत्स्य संसाधन

(5) उद्योग एवं परिवहन (6) जनसंख्या एवं प्रमुख नगर

## कृषि संसाधन

उत्तर अमेरिका की अर्थ व्यवस्था में कृषि की महती भूमिका है। यद्यपि उत्तर अमेरिका में मात्र 12 प्रतिशत भूमि ही कृषि के लिए उपलब्ध है, फिर भी यह महाद्वीप कई कृषि उत्पादनों में संसार में अग्रणी है। महाद्वीप का विस्तार अधिक होने के कारण यहाँ विविध प्रकार की मिट्टियाँ और जलवायु दशाएँ पाई जाती हैं। यही कारण है कि यहाँ अनेक प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। उपयोग की दृष्टि से कृषि उत्पादों को दो वर्गों में विभाजित कर सकते हैं –

1. **खाद्यान्न फसलें–** गेहूँ, मक्का, जौ, चावल, ज्वार आदि।
2. **नगदी फसलें–** कपास, गन्ना, तम्बाकू, सोयाबीन, मूंगफली, चुकन्दर, फल आदि।

यहाँ मध्यवर्ती प्रेयरी के मैदान एवं नदी घाटियों में कृषि की जाती है। यहाँ की जाने वाली कृषि को 'विस्तृत कृषि' कहते हैं। उत्तर अमेरिका में उन्नत कृषि के निम्न कारण हैं–


- खेतों का आकार बहुत बड़ा है।
- कृषि कार्य में बड़ी-बड़ी मशीनों का उपयोग किया जाता है।
- कृषि में नवीन वैज्ञानिक विधियाँ अपनाई जाती हैं।
- कुछ विशेष फसलों के लिए विशेष क्षेत्र निर्धारित हैं।

उत्तर अमेरिका में निम्नलिखित फसलें उत्पन्न की जाती हैं–

**गेहूँ–** गेहूँ उत्तरी अमेरिका की मुख्य खाद्यान्न फसल है। वर्ष में यहाँ दो फसलें बोई जाती हैं। (1) शीतकालीन गेहूँ तथा (2) बसन्तकालीन गेहूँ । गेहूँ उत्पादन में उत्तर अमेरिका का स्थान संसार में दूसरा है। यहाँ प्रेयरी के मैदानों में गेहूँ की विस्तृत खेती की जाती है। विपुल उत्पादन के कारण प्रेयरी के मैदानों को संसार की 'रोटी की डलिया' कहा जाता है। इस क्षेत्र को गेहूँ की पेटी भी कहते हैं।

**विस्तृत कृषि– यांत्रिक विधियों से काफी विस्तृत आकार वाले खेतों पर की जाने वाली कृषि को विस्तृत कृषि कहते हैं। इसमें श्रमिकों का उपयोग कम, मशीनों का उपयोग अधिक होता है।**

**मक्का–** मक्का मैक्सिको के लोगों की मुख्य खाद्यान्न फसल है, जबकि संयुक्त राज्य में मक्का सुअरों को खिलाई जाती है। यहाँ मक्का– खिलाकर सुअरों से मांस प्राप्त किया जाता है। अमेरिका में




**मानचित्र-6 : उत्तर अमेरिका – प्रमुख फसलें एवं पशुपालन**

मक्का को कॉर्न कहा जाता है। विश्व की लगभग आधी मक्का इसी महाद्वीप में उत्पन्न होती है। मक्का मुख्यत: संयुक्त राज्य के मध्यवर्ती भाग में तथा मैक्सिको में पैदा की जाती है। बहुलता के कारण मध्यवर्ती भाग को मक्का की पेटी कहा जाता है।

**जौ-** कनाड़ा में बहुतायत से पैदा किया जाता है। विश्व में जौ उत्पादन की दृष्टि से कनाडा का स्थान प्रथम है।

**ज्वार-** संयुक्त राज्य और मैक्सिको में ज्वार उत्पन्न होती है। उत्पादन की दृष्टि से संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान विश्व में प्रथम और मैक्सिको का चतुर्थ है।

**चावल-** अधिकांश उत्पादक क्षेत्र मिसीसिपी के डेल्टा में हैं।

**सोयाबीन-** संयुक्त राज्य में सोयाबीन का उत्पादन सर्वाधिक होता है। यहाँ विश्व का एक चौथाई से अधिक सोयाबीन उत्पन्न किया जाता है।

**कपास-** मुख्य उत्पादक देश संयुक्त राज्य है। संसार के कपास उत्पादक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान प्रथम है। उसके दक्षिण-पूर्वी भाग को 'कपास की पेटी' कहा जाता है।

**मूंगफली-** विगत कुछ वर्षों से संयुक्त राज्य, मैक्सिको तथा मध्य अमेरिकी देशों में मूंगफली का उत्पादन होने लगा है।

**गन्ना-** मुख्यत: क्यूबा में उत्पन्न होता है। क्यूबा का स्थान विश्व में गन्ना उत्पादकों में तीसरा है। विपुल उत्पादन और अधिक मात्रा में शक्कर की प्राप्ति के कारण क्यूबा को 'शक्कर का घर' कहा जाता है।

**तम्बाकू-** तम्बाकू उत्पादकों में संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान दूसरा है। मैक्सिको की खाड़ी के तटीय भागों में इसका उत्पादन अधिक होता है।

**फल-** कैलिफोर्नियों की घाटी फलोत्पादन के लिए विख्यात है। इसके अलावा पूर्वी तटीय भागों में भी फल पैदा किए जाते हैं।


## खनिज एवं ऊर्जा संसाधन

उत्तर अमेरिका खनिज संसाधनों में अति समृद्ध महाद्वीप है। इस महाद्वीप में पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, निकिल, जस्ता, सीसा, सोना, चाँदी, ताँबा और लोहा प्रमुखता से पाए जाते हैं। यहाँ संसार का लगभग 32 प्रतिशत जस्ता, 27 कोयला, 25 प्रतिशत से अधिक पेट्रोलियम निकाला जाता है। चाँदी उत्पादन में तो मैक्सिको का स्थान संसार में प्रथम है। इसी प्रकार उत्तर अमेरिका प्राकृतिक गैस एवं लोहे के उत्पादन में संसार में दूसरे स्थान पर है। यहाँ कोयले एवं पेट्रोलियम के विशाल भण्डार हैं। जल विद्युत का भी पर्याप्त विकास हुआ है। उत्तर अमेरिका में खनिजों के उत्पादन क्षेत्र निम्नलिखित हैं –

**लोहा-** संयुक्त राज्य में महान झीलों के आस-पास एवं पश्चिमी भाग में, कनाड़ा के उत्तर-पूर्वी भाग तथा मैक्सिको से निकाला जाता है।

**ताँबा-** कनाडा और पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका।

**जस्ता-**कनाडा एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में निकाला जाता है। कनाडा का स्थान विश्व में प्रथम है।




**मानचित्र-7 : उत्तर अमेरिका - प्रमुख खनिज और ऊर्जा के संसाधन**

**सोना-** कनाडा के डासन एवं ब्रिटिश कोलम्बिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की कोलोरेडो घाटी।

**चाँदी-** मैक्सिको तथा संयुक्त राज्य अमेरिका।

**कोयला-** संयुक्त राज्य का अप्लेशियन क्षेत्र, पश्चिमी कनाडा तथा मैक्सिको।

**पेट्रोलियम-** संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास प्रांत, मध्यवर्ती एवं दक्षिण पश्चिमी भाग तथा मैक्सिको खाड़ी के तटीय भाग।

**प्राकृतिक गैस-** संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको।

इनके अतिरिक्त- निकिल, सीसा, गंधक, फास्फेट, पोटाश, यूरेनियम, एल्युमिनियम आदि भी पर्याप्त मात्रा में निकाले जाते हैं।

## वन संसाधन


वन प्रकृति का अमूल्य उपहार है। उत्तर अमेरिका में विविध प्रकार के वन विशाल क्षेत्र में फैले हुए हैं। यहाँ ऊष्ण कटिबन्धीय वनों से लेकर शीतोष्ण कटिबन्धीय वन बड़े पैमाने पर पाए जाते हैं। कनाडा के लोगों का मुख्य व्यवसाय वनों पर आधारित है। कागज उद्योग, लुग्दी उद्योग, फर्नीचर उद्योग, समूर उद्योग वनों से संबंधित महत्वपूर्ण उद्योग हैं। उपयोगी वृक्षों में चीड़, फर, स्प्रूस और वालसम, की बहुलता है। कोणधारी वन मुलायम लकड़ी वाले वन होते हैं। संसार में जितनी मुलायम लकड़ी काटी जाती है उसमें से उत्तर अमेरिका का हिस्सा 20 प्रतिशत से अधिक है। कागज और लुग्दी उत्पादन में संयुक्त राज्य तथा कनाडा का स्थान महत्वपूर्ण है।

डगलस, फर और सफेद चीड़ की लकड़ी से इमारत तथा फर्नीचर बनाए जाते हैं। इसी प्रकार ओक, बीच,तथा सरई की लकड़ी फर्नीचर के लिए उपयोगी हैं। सेलूलोस, राल तथा तारपीन तेल मुलायम लकड़ी से प्राप्त किया जाता है। ऊष्ण कटिबन्धीय वनों से अच्छी किस्म की कठोर लकड़ी मिलती है। चिकिल वृक्षों से च्यूइंगम तैयार करते हैं। मेपिल वृक्ष की मीठी छाल से शक्कर बनाई जाती है। महोगनी और लॉगवुड के वृक्षों से मजबूत बक्से बनाए जाते हैं। कनाडा के वनों में समूर वाले जानवरों से समूर प्राप्त किया जाता है।

घास के मैदानों में पशु पाले जाते हैं। यहाँ पशुपालन बड़े व्यवस्थित ढंग से होता है। डेयरी उद्योग पशुपालन पर आधारित महत्वपूर्ण उद्योग है। झीलों के आस-पास डेयरी उद्योग का अधिक विकास हुआ है। मांस उद्योग भी बड़े पैमाने पर विकसित है। शिकागो मांस की सबसे बड़ी मंडी है।

## उद्योग

औद्योगिक दृष्टि से उत्तर अमेरिका विश्व में सबसे अग्रणी महाद्वीप है। यहाँ भरपूर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ है। विविध प्रकार के उपयोगी खनिजों, कृषि उत्पादों, वन सम्पदाओं, पशुओं पर आधारित अनेक उद्योग स्थापित हुए हैं। यहाँ पर्याप्त मात्रा में पाए जाने वाले कच्चे माल के अलावा कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और जल विद्युत का पर्याप्त विकास हुआ है। इसी प्रकार परिवहन के साधनों का भी चहुँ ओर जाल बिछा हुआ है। विश्व के सभी महत्वपूर्ण देशों से उत्तर अमेरिका का व्यापारिक सम्बन्ध है। इसलिए इस महाद्वीप में अनेक प्रकार के उद्योग बड़ी मात्रा में स्थापित हो




**मानचित्र-8 : उत्तर अमेरिका - प्रमुख उद्योग, नगर व रेलमार्ग**

सके हैं। लोहा इस्पात उद्योग, वस्त्रोद्योग, कागज उद्योग, मशीन उद्योग, रासायनिक उद्योग, धातु प्रगलन उद्योग, मांस उद्योग, मोटर निर्माण उद्योग, जलयान निर्माण उद्योग, हवाई जहाज निर्माण उद्योग, अस्त्र-शस्त्र उद्योग उत्तर अमेरिका के प्रमुख उद्योग हैं।

## प्रमुख औद्योगिक केन्द्र

न्यूयार्क, फिलाडेल्फिया, बोस्टन, शिकागो, डेट्राइट, लास एंजिल्स, कंसास सिटी, पोर्टलैण्ड, सेनफ्रांसिस्को, ओटावा, क्यूबेक, टोरेन्टो और मांट्रियल प्रमुख औद्योगिक केंद्र हैं।

संयुक्त राज्य संसार में सबसे अधिक वायुयान, मोटर कारें, कागज, अस्त्र-शस्त्र का निर्माण करता है। संयुक्त राज्य और कनाडा के अधिकांश पूर्वी भाग औद्योगिक दृष्टि से अधिक विकसित हैं। क्यूबा में शक्कर उद्योग का अत्यधिक विकास हुआ है।

**मत्स्य**- उत्तर अमेरिका में मत्स्यन के दो प्रमुख केन्द्र हैं (1) उत्तर-पूर्वी अटलान्टिक तटीय क्षेत्र (2) उत्तर-पश्चिम प्रशान्त तटीय क्षेत्र । न्यू फाउन्डलैण्ड का ग्रान्ड बैंक मत्स्यन के लिए विख्यात हैं। यहाँ ठंडी और गर्म जल धाराओं की मछलियाँ एकत्र हो जाती हैं।

## जनसंख्या

उत्तर अमेरिका की कुल जनसंख्या लगभग 51 करोड़ 40 लाख है। यहाँ जनसंख्या का औसत घनत्व 21 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। जनसंख्या का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। उत्तर पूर्वी भाग तथा ग्रेटलेक्स के आस-पास का क्षेत्र अधिक घना बसा हुआ है, क्योंकि यहाँ की जलवायु अनुकूल है। उपयोगी खनिज निकट ही विपुलता से पाए जाते हैं। यूरोप महाद्वीप निकट है। अधिकांश उद्योग इसी भाग में स्थापित हैं। यहाँ परिवहन के साधनों का विकास भी अधिक हुआ तथा जीवनयापन की सुविधाएँ पर्याप्त मात्रा में सुलभ हैं। पश्चिम तटीय भाग में भी जनसंख्या अधिक है। महाद्वीप का उत्तरी भाग अधिकांशत: बर्फ से ढंका रहता है। यह भाग कोणधारी वनों से भी आच्छादित है। अत: जनसंख्या बहुत कम है। मैक्सिको सिटी के आसपास भी जनसंख्या सघन है। महाद्वीप के हिम क्षेत्र, पर्वतीय क्षेत्र और मरूस्थली क्षेत्र विरल जनसंख्या के क्षेत्र हैं।

## परिवहन के साधन

उत्तर अमेरिका महाद्वीप में परिवहन के साधनों का सर्वाधिक विकास हुआ है। यहाँ सड़क मार्गों तथा रेल मार्गों का सघन जाल है। तटीय और अन्त:स्थलीय जलमार्ग भार परिवहन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सड़कें बहुत चौड़ी व सीधी बनी हुई है। चार-चार मोटर गाड़ियाँ एक साथ एक सीध में एक ही दिशा में तेज गति से दौड़ सकती हैं। यहाँ कारें सड़क यातायात का लोकप्रिय साधन है।

**रेलमार्ग**- उत्तर अमेरिका में विस्तृत और द्रुतगामी रेलमार्गों का जाल एक सिरे से दूसरे सिरे तक पूर्व से पश्चिम तक बिछा है। यहाँ के तीन प्रमुख अन्तर्महाद्वीपीय रेलमार्ग हैं-

1. केनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग - हेलिफेक्स से बेनकुवर तक।

2. यूनियन एण्ड सेन्ट्रल पेसिफिक रेलमार्ग – न्यूयार्क से सेनफ्रांसिस्को तक तथा

3. दक्षिण पेसिफिक रेलमार्ग – न्यूयार्क से लॉस एन्जिल्स तक। शिकागो संसार का सबसे बड़ा रेल्वे जंक्शन है।

**वायुमार्ग-** महाद्वीप में अन्तर्देशीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वायुमार्ग बड़े पैमाने पर विकसित हैं। न्यूयार्क में संसार के सबसे अधिक वायुयान आते-जाते हैं। सेनफ्रांसिस्को, शिकागो, वाशिंगटन, ओटावा, मैक्सिको आदि महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पतन हैं।

**जलमार्ग-** पाँच झीलों के समूह, सेंट लारेन्स और मिसीसिपी नदियों तथा तटीय भागों में जल परिवहन का प्रचुर विकास हुआ है। पूर्वीतट पर बोस्टन, न्यूयार्क, फिलाडेल्फिया, न्यूआर्लियन्स तथा पश्चिमी तट पर बैंकुवर, सेनफ्रांसिस्को, लॉसएंजिल्स आदि महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय बंदरगाह हैं।

## प्रमुख नगर

उत्तरी अमेरिका में बड़े-बड़े नगरों का विकास तीव्र गति से हुआ है। महाद्वीप के उल्लेखनीय नगर हैं-

**वाशिंगटन डी.सी. –** संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी है।

**न्यूयार्क-** विश्व का महत्वपूर्ण व्यापारिक तथा परिवहन का बड़ा केंद्र है। यहाँ संयुक्त राष्ट्र का कार्यालय भी है। शिकागो, संसार की सबसे बड़ी मांस तथा सोयाबीन की मंडी है। सेनफ्रांसिस्को पश्चिमी तट का बड़ा नगर है। लॉस एन्जिल्स में विश्व प्रसिद्ध हॉलीवुड फिल्म सिटी है। पिट्सबर्ग लोहा इस्पात उद्योग के कारण भट्टियों का नगर कहलाता है। डेट्राइट नगर मोटर कारों के लिए विख्यात है।

**ओटावा –** कनाडा की राजधानी है। मान्ट्रियल, वेनकुवर विनिपेग, टोरेंटो, सेन्ट जोन्स आदि अन्य प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक नगर हैं।

**मैक्सिको सिटी –** मैक्सिको की राजधानी है। विश्व में यह स्पेनिश भाषी जनसंख्या वाला महानगर भी है।

## अभ्यास प्रश्न

### निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1. किस फसल के लिए प्रेयरी के मैदान को संसार की 'रोटी की डलिया' कहा जाता है–

क. चावल    ख. मक्का

ग. गेहूँ    घ. जौ

2. निम्न में से कौन सा नगर मोटरकार निर्माण के लिए विख्यात है:–

क. शिकागो ख. डेट्राइट

ग. पिट्सबर्ग ग. न्यूयार्क

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. ..................... द्वीप के आस–पास बहुतायात से मछलियाँ पकड़ी जाती हैं।
2. ..................... को भट्टियों का नगर कहा जाता है।
3. जनसंख्या की दृष्टि से ..................... सिटी स्पैनिशभाषी जनसंख्या वाला विश्व का सबसे बड़ा नगर है

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न–**

1. कनाड़ा में वनों पर आधारित उद्योग कौन–कौन से हैं?
2. उत्तर अमेरिका में फसलों की तीन पेटियों के नाम लिखिए।
3. उत्तर अमेरिका के किस भाग में जनसंख्या अधिक है?
4. क्यूबा को 'शक्कर का घर' क्यों कहा जाता है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न–**

1. उत्तर अमेरिका के तीन प्रमुख महाद्वीपीय रेल मार्गों के नाम प्रारंभ व अन्त के स्टेशन सहित लिखिए।
2. कनाडा के प्रमुख उद्योगों के नाम उनके केन्द्रों सहित लिखिए
3. संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख उद्योगों और उनके केन्द्रों के नाम लिखिए।
4. उत्तर अमेरिका में परिवहन के साधन कौन–कौन से हैं? उनका विस्तार कहाँ तक है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

1. उत्तर अमेरिका में कृषि की उन्नति के क्या कारण हैं?
2. उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग में अधिक जनसंख्या होने के प्रमुख कारण लिखिए।
3. प्राकृतिक संसाधनों ने उत्तर अमेरिका को बहुत धनी बनाया है। कारण सहित वर्णन कीजिए।
4. क्या कारण है कि उत्तर अमेरिका इतना उन्नत महाद्वीप बन गया है?

## मानचित्र कौशल–

उत्तर अमेरिका के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :–

1. पनामा नहर
2. ओटावा
3. प्रेयरी का मैदान
4. न्यू फाउन्डलैण्ड
5. सेनफ्रांसिस्को
6. केनेडियन पेसिफिक रेलमार्ग
7. मैक्सिको सिटी
8. संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी

